taxes on every packed consumer item; and

(b) whether action has been taken on any manufacturer for the non-compliance of the amended rules?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI RAM PUJAN PATEL): (a) The monitoring is done through the Weights and Measures authorities of the States and Union Territories, who are responsible for enforcing the Standards of Weights & Measures (packaged Commodities) Rules, 1977.

(b) As the manufacturers have been allowed change-over time up to 30 Nov., 1990, action for non compliance does not arise till that date.

खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि

628. **श्री महेन्द्र प्रसाद:**

डा० जी० विजय मोहन रेड्डी:

क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इस वर्ष जनवरी से खाद्य-तेलो और वनस्पति की कीमतो मे वृद्धि हो रही है यदि हां, तो माह-वार कितनी-कितनी वृद्धि हुई,

(ख) कीमतों में लगातार वृद्धि होने के क्या कारण हैं और उक्त अवधि में, प्रत्येक मामले मे, कुल कितने कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है;

(ग) पिछले तीन महीनों के दौरान कीमतो को स्थिर रखने और कीमते कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं· और

(घ) क्या सरकार ने कीमतों को स्थिर रखने के लिए खाद्य तेलों के आयात में वृद्धि करने का निर्णय किया है, यदि हा, तो अब तक कितनी मात्रा का आयात किया गया है और उससे मूल्य वृद्धि पर क्या प्रभाव पडा है?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल): (क) तथा (ख) जनवरी, 1990 से खाद्य तेलो और वनस्पति घी के मूल्यों मे मिला-जुला रुख रहा है। खाद्य तेलो और वनस्पति घी की थोक मूल्य सूची मे दर्ज की गई माहवार प्रतिशत वृद्धि अनलग्नक पर है। खाद्य तेलो के मूल्यों में वृद्धि के मुख्य कारण तिलहनो के उत्पादन में कमी खाद्य तेलो के आयात म भारी कटौती आदि है। (शेष देखिए)

(ग) सरकार ने जो कदम उठाए हैं उनमे खाद्य तेलों और वनस्पति के मूल्यों का प्रलेखन (मानीटरिंग), आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के उपबंधों को सख्ती से लागू करना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आयातित तेलों की आपूर्ति बढ़ाना, जमाखोरी के विरुद्ध अभियानों को तेज किया जाना और खाद्य तेलों और वनस्पति घी स्टॉक सीमा कम करना सम्मिलित है।

(घ) खाद्य तेलों का आयात लगातार पुनरीक्षण का विषय है जो कई तथ्यों पर आधारित है जैसे खाद्य तेलों की उपलब्धता और उनके मूल्य और इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध विदेशी मुद्रा, इसलिए भविष्य में आयात की मात्रा बताना सभव नहीं है। चालू वर्ष (नवम्बर-जुलाई) के दौरान किया गया आयात 3.38 लाख मी० टन है।

विवरण

खाद्य तेलों तथा वनस्पति के थोक मूल्य सूचकांकों में हुई प्रतिशत वृद्धि / कमी

महीना	खाद्य तेल	वनस्पति
	(गत महीने की तुलना मे हुई प्रतिशत वृद्धि)	
जनवरी, 90	1.08	(-)2.27
फरवरी	2.05	0.52
मार्च	2.01	4.07
अप्रैल	3 68	4.40
मई	(-)0.31	0.29
जून	4 70	2.34
जुलाई (21 7.90) (अनन्तिम)	6.46	8.02
जनवरी 90 की तुलना मे जुलाई मे हुई समग्र वृद्धि	20.91	22.03